लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1487

28 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

आंध्र प्रदेश में वस्त्र संबंधी योजनाओं का कार्यान्वयन

1487. श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में, विशेष रूप से कोनासीमा जिले में, मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की गई योजनाओं का योजना-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) आंध्र प्रदेश में, विशेष रूप से कोनासीमा जिले में, इन योजनाओं के तहत लाभार्थियों की संख्या और जारी किए गए पहचानपत्रों का योजना-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) आंध्र प्रदेश में स्वीकृत या संचालित वस्त्र समूहों, हथकरघा समूहों, पीएम मित्र पार्कों, सामान्य सुविधा केंद्रों और अन्य बुनियादी ढांचागत सुविधाओं का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त अवधि के दौरान सरकार के अधीन संचालित कौशल विकास कार्यक्रमों का प्रशिक्षित और रोजगार प्राप्त व्यक्तियों की संख्या सहित आंध्र प्रदेश में जिला-वार, विशेष रूप से कोनासीमा जिले का ब्यौरा क्या है;

(ङ) आंध्र प्रदेश में वस्त्र क्षेत्र के हितधारकों को प्रदान की गई विपणन सहायता, ई-कॉमर्स लिंकेज और ऋण या ब्याज छूट का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(च) पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में वस्त्र योजनाओं के तहत आवंटित, जारी और उपयोग की गई धनराशि का योजना-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(छ) आंध्र प्रदेश में, विशेष रूप से कोनासीमा जिले में, वस्त्र और हथकरघा क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए उठाए गए और प्रस्तावित कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (छ): भारत सरकार ने आंध्र प्रदेश सहित पूरे देश में वस्त्र क्षेत्र के लिए विभिन्न योजनाओं/पहलों को क्रियान्वित किया है। प्रमुख योजनाओं/पहलों में बड़े पैमाने पर विनिर्माण को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए मैन-मेड फाइबर (एमएमएफ) फैब्रिक, एमएमएफ अपैरल और तकनीकी वस्त्रों पर ध्यान केंद्रित करने वाली उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना, पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्क; वस्त्र पार्कों की स्थापना हेतु सब्सिडी प्रदान करने के लिए एकीकृत वस्त्र पार्क

योजना (एसआईटीपी); विशिष्ट फाइबर और तकनीकी वस्त्रों के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार पर केंद्रित, मशीनरी के स्वदेशी विकास और अपेक्षित कौशल के साथ मानव संसाधनों के निर्माण पर केंद्रित राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम); रेशम उद्योग के समग्र विकास के लिए सिल्क समग्र-2; मांग आधारित, प्लेसमेंट उन्मुख, कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के उद्देश्य से वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण हेतु योजना-समर्थ; राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम; कच्ची सामग्री आपूर्ति योजना (आरएमएसएस) और राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम शामिल हैं।

पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान, आंध्र प्रदेश में हथकरघा क्षेत्र के तहत निम्नलिखित सहायता प्रदान की गई है:

i. 16.35 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता के लिए 22 छोटे हथकरघा कलस्टरों को लिया गया है, जिससे 4,000 हथकरघा कामगारों को लाभ हुआ है।
ii. एक मेगा हथकरघा क्लस्टर धर्मवरम (आंध्र प्रदेश वर्ष 2025-26) में लिया गया है।
iii. हथकरघा उत्पादों की बिक्री में सहायता करने और बढ़ावा देने के लिए 14 विपणन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
iv. उत्पादकता बढ़ाने, विपणन क्षमताओं को बढ़ाने और आय को बेहतर करने में सहायता करने के लिए 40 हथकरघा उत्पादक कंपनियां बनाई गई हैं।
v. बुनकर मुद्रा योजना के तहत 5,987 लाभार्थियों को ऋण प्रदान किया गया
vi. प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 9,408 लाभार्थियों का नामांकन किया गया।
vii. परिवहन सब्सिडी और मूल्य सब्सिडी के तहत कुल 22.34 लाख किलोग्राम यार्न की आपूर्ति की गई है जिससे 69,973 से अधिक हथकरघा संगठनों/बुनकरों को लाभ हुआ है।
viii. आंध्र प्रदेश में 1,77,447 हथकरघा कामगारों को पहचान पत्र जारी किए गए हैं।

आंध्र प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त हथकरघा कलस्टरों का विवरण अनुबंध में दिया गया है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश सहित देश भर में हथकरघा कामगारों/बुनकरों के लिए आवश्यकता-आधारित कौशल उन्नयन प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश के 771 हथकरघा बुनकरों को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। हथकरघा उत्पादों के ऑनलाइन विपणन के लिए बुनकरों और कारीगरों को सहायता करने के लिए एक ई-कॉमर्स पोर्टल (https://www.indiahandmade.com/)) लॉन्च किया गया है। इसके अलावा, हथकरघा बुनकरों को सरकारी ई-मार्केट प्लेस पर ऑनबोर्ड किया गया ताकि वे अपने उत्पादों को सीधे विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों को बेच सकें।

राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम के तहत, 840 पहचान पत्र जारी किए गए हैं और 192 कारीगरों को लाभान्वित किया गया है और पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश के कोनासीमा जिले में 140 कारीगरों को लाभान्वित करते हुए 4 कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

समर्थ योजना के तहत, कुल 11852 लाभार्थियों को प्रशिक्षित (उत्तीर्ण) किया गया और पिछले तीन वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य में कुल 9582 लाभार्थियों को रोजगार दिया गया।

एसआईटीपी योजना के तहत, आंध्र प्रदेश में 4 वस्त्र पार्कों अर्थात्, ब्रांडिक्स इंडिया अपैरल सिटी प्राइवेट लिमिटेड, गुंटूर टेक्सटाइल पार्क, तारकेश्वर वस्त्र पार्क और हिन्दुपुर व्यापार अपैरल पार्क लिमिटेड को मंजूरी दी गई है। आंध्र प्रदेश में 4 वस्त्र पार्कों के लिए एसआईटीपी योजना के तहत जारी की गई धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

क्र.सं.	**पार्क का नाम**	**जारी किया गया भारत सरकार का हिस्सा (करोड़ में)**
1	ब्रांडिक्स इंडिया अपैरल सिटी प्राइवेट लिमिटेड	40.00
2	गुंटूर टेक्सटाइल पार्क, गुंटूर	30.00
3	तारकेश्वर टेक्सटाइल पार्क	20.00
4	हिंदूपुर व्यापार अपैरल पार्क लिमिटेड	24.00

उत्पादन सम्बद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत, 386.30 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन जारी किए गए हैं। इस योजना के तहत, 170 प्रतिभागी कंपनियों में से 5 आंध्र प्रदेश में हैं और इन कंपनियों ने दिनांक 31.03.2026 तक योजना के तहत 170.99 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

अनुबंध

दिनांक 28.07.2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोकसभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 1487 के भाग (क) से (छ) में संदर्भित विवरण

आंध्र प्रदेश में पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त हथकरघा कलस्टर

क्र.सं.	क्लस्टरों/स्थानों का नाम	जिला
1	अदिवरापुपेटा	डॉ . बी. आर. अंबेडकर कोनासीमा
2	विलासाविली	डॉ . बी. आर. अंबेडकर कोनासीमा
3	भग्गेश्वरम	पश्चिम गोदावरी
4	कोल्लाबिल्लू और मदनापल्ली	अन्नामय्या
5	रामचन्द्रपुरम	पश्चिम गोदावरी
6	पेन्ना अहोबलेश्वरा	अनंतपुरमु
7	राजनगर, मदनपल्ली	अन्नामय्या
8	नीरूगट्टुवारिपाले	अन्नामय्या
9	श्री चौडेश्वरी	अन्नामय्या
10	श्री पोलरम्मा	तिरुपति
11	पेद्दावादुगुरु	अनंतपुरमु
12	सोमन्देपाली	श्री सत्यसाई
13	त्रिकोटेश्वर	बैप्टाला
14	श्री कलाहस्तेश्वर	तिरुपति
15	नारायणवनाम	तिरुपति
16	चिलाकलुरिपेटा-I	पलनाडु
17	मंगलगिरी-I	गुंटूर
18	चिंताला वेंकटरमण	अनंतपुरम
19	हिंदपुर	श्री सत्यसाई
20	पातुर-गुमाल्लाडिबा	श्री पोटी श्रीरामुलु नेल्लोर
21	पेद्दापुरम	काकीनाडा
22	वाडिसालेरु	पूर्व गोदावरी

******